**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 05.06.2026 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, कहा– एक पेड़ मां के नाम अभियान से बढ़ रहा है हरित क्षेत्र।**

2. **भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कल से दो दिवसीय झारखंड दौरे पर, संगठनात्मक बैठकों के साथ राज्य के विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा।**

3. **झारखंड सिपाही नियुक्ति परीक्षा के 888 अभ्यर्थियों को उच्चतम न्यायालय से मिली राहत, अदालत ने राज्य सरकार और चयन आयोग को नियुक्ति पर पुनर्विचार का दिया निर्देश।**

4. **झारखंड चेंबर की बस परिवहन उपसमिति ने बस किराये में 18 प्रतिशत बढ़ोतरी का लिया निर्णय।**

5. **श्रीनगर में ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, पी विशाल और ईशान सिंह ने जीते स्वर्ण पदक।**

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 23 जून को दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में इस वर्ष के 65 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। इससे पहले पिछले महीने श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित पहले नागरिक अलंकरण समारोह में 66 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे। इस वर्ष राष्ट्रपति ने पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कारों सहित कुल 131 पद्म पुरस्कारों को स्वीकृति दी है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि **एक पेड़ मां के नाम** जैसी पहलों ने प्रतिवर्ष लगभग एक दशमलव एक लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। श्री मोदी ने आज विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दीं और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित सभी लोगों की सराहना की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह दिन पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को व्यक्त करने का प्रतीक है।

**********************

विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संदेश में कहा हैं कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण की रक्षा करने की सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाता है।

**********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रकृति संरक्षण, स्वच्छ पर्यावरण और हरित भविष्य के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया। श्री मरांडी ने लोगों से **"एक पेड़ माँ के नाम"** अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाए, उसकी देखभाल करे और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखे।

**********************

हजारीबाग में **विश्व पर्यावरण दिवस** के अवसर पर **एक पेड़ मां के नाम** अभियान के तहत हरियाली महोत्सव की शुरुआत की गई। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस मानसून में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में एक लाख पौधे लगाए जाएंगे।

**********************

धनबाद मंडल के रजहरा स्टेशन पर मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने के कारण रेल परिचालन प्रभावित हुआ है। यात्रियों की सुविधा और सहायता के लिए रांची, मुरी तथा लोहरदगा रेलवे स्टेशनों पर विशेष सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अद्यतन जानकारी के लिए सहायता केंद्रों से संपर्क करने की अपील की है।

**********************

रांची लोकसभा क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आज अरगोड़ा चौक स्थित मोहन मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स में सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल और रक्षा मंत्रालय के उपक्रम मिधानी के सीएसआर सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

**********************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 6 और 7 जून को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों और महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे तथा पार्टी की आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगे। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बताया कि दौरे के दौरान संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

**********************

झारखंड सिपाही नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा–2015 से जुड़े मामले में उच्चतम न्यायालय ने 888 अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने राज्य सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को रिक्त पदों के विरुद्ध इन अभ्यर्थियों के दावों पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया है।

**********************

झारखंड चेंबर की बस परिवहन उपसमिति की कल हुई बैठक में बस परिचालन में आ रही समस्याओं पर चर्चा के बाद सभी रूटों पर बस किराया 18 प्रतिशत बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इससे विभिन्न रूटों पर किराये में 40 से 100 रुपये तक की वृद्धि हुई है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में बस किराये में 12 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है।

**********************

चतरा सदर अस्पताल में अत्याधुनिक आईसीयू सेवा शुरू कर दी गई है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि आईसीयू सेवा शुरू होने से गंभीर मरीजों को जिले में ही बेहतर उपचार की सुविधा मिल सकेगी।

**********************

गढ़वा में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद ने राष्ट्रीय राजमार्ग और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यों पर नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ योजनाओं में राशि निकासी के बाद ठेकेदार कार्य अधूरा छोड़कर चले गए हैं।

**********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक के शुरुआती कारोबार में आज वृद्धि का रुख है। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 121 अंक के उछाल के साथ 74 हजार 461 पर जबकि निफ्टी 25 अंक बढ़कर 23 हजार 441 पर था।

**************************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 45 हजार 600 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 70 हजार रूपये प्रति किलो है।

**************************

श्रीनगर में आयोजित प्रथम प्रोफेशनल ताइक्वांडो फेडरेशन इंडिया ओपन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पी विशाल और ईशान सिंह ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि आयुष राज, सिया शुक्ला, रिधिमा सिंह, नीरज लकड़ा और अध्या लिया ने रजत पदक हासिल किया।

**********समाप्त**********